

बल्लेबाजी के माकूल है वानखेड़े की पिच

वानखेड़े स्टेडियम की पिच आम तौर पर बल्लेबाजों के अनुकूल होती है और भारत पिछले साल मार्च में घरेलू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2–3 की शिकस्त से सबक लेते हुए निश्चित तौर पर दो कलाई के स्पिनरों के साथ नहीं उतरेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैटट्रिक लेने वाले कुलदीप यादव को युजवेंद्र चहल पर तरजीह दी जा सकती है।

## ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ नजरें भारत की सलामी जोड़ी पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारत को मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की सीरीज के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पारी का आगाज करने के लिए फॉर्म में चल रहे लोकेश राहुल और अनुभवी शिखर धवन में से एक को चुनना होगा।

**बल्लेबाजी में कांटे की टक्कर**

ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होने वाली इस द्विपक्षीय सीरीज में निजी प्रतिद्वंद्विताएं भी देखने को मिलेंगी जिसमें रोहित शर्मा बनाम डेविड वॉर्नर तथा विराट कोहली बनाम स्टीव स्मिथ की जंग रोमांचक होगी।

**बोलिंग में भी टक्कर**

जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और नवदीप सैनी की मौजूदगी वाला भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की परीक्षा लेने को तैयार है। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया के पास आईपीएल के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी पैट कमिंस, केन रिचर्डसन और अनुभवी मिशेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज हैं जो कोहली और उनकी टीम को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# मैं बल्लेबाजी क्रम में नीचे आ सकता हूं: विराट कोहली

क्रिकेट

## शिखर धवन और लोकेश राहुल दोनों को खेल सकते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को संकेत दिए कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में अंतिम एकादश में शिखर धवन और लोकेश राहुल दोनों को जगह देने के लिए वह बल्लेबाजी क्रम में स्वयं नीचे आ सकते हैं। उपकप्तान रोहित शर्मा का अंतिम एकादश में चुना जाना तय है, लेकिन टीम प्रबंधन का धवन या राहुल को चुनने का मुश्किल फैसला करना है।

कप्तान को हालांकि ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि ये दोनों नहीं खेल सकें। कोहली ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'देखिए, फॉर्म में चल रहा खिलाड़ी हमेशा टीम के लिए अच्छा होता है... बेशक आप चाहते हैं कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



उपलब्ध रहें और इसके बाद चुनते हैं कि टीम के लिए संयोजन क्या होना चाहिए। ऐसा संभावना हो सकती है कि तीनों (रोहित, शिखर और राहुल) खेल सकते हैं।'

**निजी उपलब्धियों से ज्यादा जरूरी है, कप्तान की विरासतः** यह पूछने पर कि क्या वह बल्लेबाजी क्रम में नीचे आ सकते हैं, कोहली ने कहा, 'हां, इसकी संभावना है। ऐसा करने में मुझे बेहद खुशी होगी। मैं किसी क्रम को अपने लिए तय नहीं किया है। मैं कहां बल्लेबाजी करूं, इसे लेकर मैं असुरक्षित नहीं हूं।' कोहली ने कहा कि उनके लिए निजी उपलब्धियों के पीछे भागने की जगह यह अधिक महत्वपूर्ण है कि वह कप्तान के रूप में कैसे विरासत छोड़कर जाएंगे।

**कप्तान की जिम्मेदारी है टीम तैयार करनाः** उन्होंने कहा, 'टीम के कप्तान के रूप में यह सुनिश्चित करना भी मेरा काम है कि अगला समूह तैयार रहे।

कभी अन्य लोग शायद ऐसा नहीं सोचते लेकिन एक कप्तान के रूप में आपका काम मौजूदा टीम को देखना ही नहीं बल्कि वह टीम तैयार करना भी है जो आप किसी और को जिम्मेदारी देते हुए उसे सौंपकर जाओगे।'

**नेट्स पर भी हमें नहीं बख्शते बुमराहः** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नेट्स पर गेंदबाजी करते हुए भी बल्लेबाजों के सिर और पसलियों को निशाना बनाते हैं। कोहली ने कहा, 'मेरे अनुसार खेल के किसी भी प्रारूप में वह (बुमराह) सबसे कुशल गेंदबाज हैं। उनके खिलाफ खेलते हुए, वह मैच वाले जज्बे को नेट्स पर भी लेकर आते हैं। वह बार–बार हमारे सिर पर गेंद मारने या पसलियों को निशाना बनाने से नहीं हिचकते।'

## इंडोनेशिया मास्टर्सः दूसरे दौर में साइना और सिंधु हो सकती हैं आमने–सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जकार्ता। ओलिंपिक पदकधारी पीवी सिंधु और साइना नेहवाल मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में एक दूसरे के आमने सामने हो सकते हैं। विश्व चैंपियन सिंधु और गत चैंपियन साइना ने सत्र के पहले टूर्नमेंट मलयेशिया मास्टर्स में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दोनों का सफर क्वॉर्टर फाइनल में सीधे गेम में हार से समाप्त हुआ।

भारत की दोनों शीर्ष महिला खिलाड़ियों को अगर यहां खिताब जीतना है जो अपने प्रदर्शन में और सुधार करना होगा।

मलयेशिया मास्टर्स के क्वॉर्टर फाइनल में सिंधु को ताई जु यिंग जबकि साइना को स्पेन की ओलिंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन से पराजय का सामना करना पड़ा था। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु जापान की आया ओहोरि के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगी। सिंधु ने पिछले सप्ताह ओहिरि को दूसरे दौर के मुकाबले में हराया था। सानिया का सामना भी एक जापानी खिलाड़ी से होगा। शुरुआती दौर में उन्हें सायाका ताकाहाशी की चुनौती से पार पाना होगा। दोनों भारतीय खिलाड़ियों के पहले मुकाबले में जीतने की संभावना है।

**ऐसा है दोनों का रेकॉर्ड**

अगर ऐसा होता है तो दूसरे दौरे में दोनों एक–दूसरे के आमने सामने होंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों के बीच यह पांचवां मुकाबला होगा जहां जीत हार में साइना का पलड़ा 3–1 से भारी है। सिंधु ने प्रीमियर बैडमिंटन लीग के मैचों में कई बार साइना को हराया है लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में वह अपनी सीनियर प्रतिद्वंद्वी के सामने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाती हैं।

**पुरुषों में किसकी किससे भिड़ंतः** अन्य भारतीयों में मलयेशिया मास्टर्स के पहले दौर में बाहर होने वाले किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रहुस्तावितो के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे। विश्व चैंपिनशिप के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत भी मलयेशिया ओपन में पहली चुनौती से पार पाने में नकाम रहे थे। यहां पहले दौर में उनके सामने आठवीं वरीयता प्राप्त चीन के शी युकी की मुश्किल चुनौती होगी।

## आनंद टाटा स्टील मास्टर्स के दूसरे दौर में सो से हारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विज्क आन जी। पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथ आनंद को टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में वेस्ले सो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पहले दौर में रूसी ग्रैंडमास्टर व्लादिस्लाव आर्टेमिएव से ड्रा खेलने वाले आनंद ने सोमवार को काले मोहरों से खेलते हुए कुछ शानदार चालें चली जिससे अमेरिकी खिलाड़ी सो बैकफुट पर आ गये। आनंद हालांकि 22वीं चाल में गलती कर बैठे जिसका फायदा उठाकर सो ने तीन और चालों के बाद मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में रूस के दानिल दुबोव ने बेलारूस के वलादिस्लाव कोवालेव को हराया जबकि व्लादिस्लाव आर्टेमिएव ने हमवतन निकिजा वितुगोव को शिकस्त दी। अमेरिका के जैफ्री शिऑग ने नीदरलैंड के जार्डन वैन फोरीस्ट को मात दी। विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन को लगातार दूसरे दिन ड्रा से संतोष करना पड़ा। टूर्नामेंट में अभी 11 दौर के मुकाबले खेले जाने बाकी हैं जहां दो दौर के बाद 1.5 अंक के साथ पांच खिलाड़ी तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली को नीदरलैंड के लुकास वैन फोरीस्ट ने ड्रा पर रोका जबकि प्रतिभाशाली निहाल सरीन ने यूक्रेन के पावेल इलजानोव को ड्रा पर रोक दिया।

## न्यूज डायरी



## बीसीसीआई नियमों के मुताबिक आईपीएल में नहीं खेल सकते प्रवीण ताम्बे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वरिष्ठ लेग स्पिनर प्रवीण ताम्बे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2020 में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने आईएएनएस से इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि चूंकि ताम्बे टी–10 लीग में खेल चुके हैं इसलिए वह आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। अधिकारी ने कहा, 'बीसीसीआई का नियम साफ तौर पर यह कहता है कि भारतीय खिलाड़ी सिर्फ आईपीएल में खेलेंगे या फिर वह इससे दूर रहें और अन्य देशों की लीगों में खेलें। उनका नाम टी–10 लीग में भेजना और अब उन्हें आईपीएल का हिस्सा बनाना साफ तौर पर बीसीसीआई के नियमों के खिलाफ होगा। इसलिए वह नहीं खेल सकते।' ताम्बे को पिछले महीने हुई आईपीएल नीलामी में दो बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनकी बेस प्राइस 20 लाख रुपये में खरीदा था। ताम्बे इससे पहले भी आईपीएल खेल चुके हैं। उन्होंने 2013 में 41 साल की उम्र में आईपीएल पदार्पण किया था।

## दुनिया के नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी मोमोटा दुर्घटना में घायल, ड्राइवर की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कुआलालंपुर। दुनिया के नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीतने के कुछ घंटों बाद सोमवार को यहां दुर्घटना में घायल हो गए जबकि उनके ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जापान के इस 25 वर्षीय स्टार खिलाड़ी की नाक में फ्रेक्चर है और साथ ही उनके चेहरे पर भी कट लगे हैं। वह जिस वैन में तड़के हवाई अड्डे जा रहे थे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे उनकी इस साल होने वाले ओलंपिक की तैयारियों को झटका लगा है। वैन हाईवे पर धीरे चल रही लॉरी से टकरा गई जिससे ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। एक सहायक कोच, फिजियोथेरेपिस्ट और बैडमिंटन अधिकारी को भी मामूली चोटें आई हैं। मोमोटा ने रविवार को कुआलालंपुर में डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन को 24–22, 21–11 से हराकर मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर 2020 सत्र की शानदार शुरुआत की थी जिसके बाद यह दुर्घटना हुई।

## कोहली सीमित ओवरों के क्रिकेट में स्मिथ से काफी बेहतरः गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि जहां तक सीमित ओवरों के क्रिकेट की बात है तो स्टीव स्मिथ की तुलना में विराट कोहली कहीं अधिक बेहतर बल्लेबाज हैं। कोहली ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 43 शतक की मदद से 11000 से अधिक रन बनाए हैं जबकि स्मिथ आठ शतक से अब तक 4000 रन के करीब ही पहुंचे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तीन मैचों की सीरीज के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पूर्व गंभीर ने कहा, 'सीमित ओवरों के क्रिकेट में स्टीव स्मिथ की तुलना में विराट कोहली कहीं अधिक बेहतर हैं। दोनों के बीच कोई तुलना नहीं है। मैं सीमित ओवरों के क्रिकेट में कोहली की स्मिथ से तुलना नहीं करूंगा।

## भारत को एकदिवसीय श्रृंखला में 2–1 से हरा देगा ऑस्ट्रेलियाः पॉन्टिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। रिकी पॉन्टिंग का मानना है कि भारत हिसाब बराबर करने को बेताब होगा लेकिन आत्मविश्वास से भरा ऑस्ट्रेलिया मंगलवार से यहां शुरू हो रही तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 2–1 से जीतेगा। घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद आरोन फिंच की अगुआई वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम आत्मविश्वास से भरी है। घरेलू सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखलाएं जीती। दूसरी तरफ भारत पिछले साल मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर 2–3 से मिली हार कार बदला चुकता करने को बेताब होगा। ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे ने सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर पर अपने प्रशंसकों के साथ बात करते हुए कई सवालों के जवाब दिए। जब एक प्रशंसक ने वनडे इंटरनैशनल सीरीज के नतीजे की भविष्यवाणी करने को कहा तो पॉटिंग ने कहा कि उनका देश सीरीज जीतेगा।